# Hindi Murli Quiz 26-03-2015

ये क्विज आज की मुरली पर आधारित है| मुरली सुनने के लिए यहाँ क्लिक करें| पुरानी क्विज के लिए यहाँ क्लिक करें |

*Q.1)* **मीठे बच्चे ------------ ही कमाई है, ----------- सोर्स ऑफ इनकम है, इस -----------से ही तुम्हें 21 जन्मों के लिए खजाना जमा करना है"**
**[निम्नलिखित विकल्पों में से एक सबसे सटीक उत्तर से सभी रिक्त स्थान भरें ]**

A. ○ धारणा
B. ◉ पढ़ाई
C. ○ योग
D. ○ सेवा

*Q.2)* **हमारी एम ऑब्जेक्ट ही ---------------बनने की है। लक्ष्मी-नारायण नहीं ---------------, क्योंकि पूरे 5 हजार वर्ष तो इनके ही कहेंगे। लक्ष्मी-नारायण के तो फिर भी 20-25 वर्ष कम हो जाते हैं इसलिए कृष्ण की महिमा जास्ती है। यह भी किसको पता नहीं कि ---------------ही फिर सो लक्ष्मी-नारायण बनते हैं।**
**[एक सबसे सटीक उत्तर से सभी रिक्त स्थान भरें]**

A. ◉ राधे-कृष्ण
B. ○ बाप-समान
C. ○ देवी-देवता
D. ○ सतो-प्रधान

*Q.3)* **"तुमको अभी नॉलेज मिल रही है फिर भी योग में बहुत कमी है। जब याद की यात्रा पूरी होगी तब कहेंगे कर्मातीत अवस्था पूरी हुई । फिर लड़ाई भी पूरी लगेगी । तब तक कुछ न कुछ होता फिर बन्द होता रहेगा। लड़ाई तो कभी भी छिड़ सकती है। परन्तु विवेक कहता है जब तक राजाई स्थापन नहीं हुई है तब तक बड़ी लड़ाई नहीं लगेगी। थोड़ी-थोड़ी लगकर बन्द हो जायेगी।"**

A. ○ False
B. ◉ True

*Q.4)* **शब्दों को अर्थों के अनुसार जोडें --**

| | Choice | Match |
|---|---|---|
| A | श्रीमत का उल्लंघन करने वाले ही पढ़ाई में फेल होते हैं, | उन पर फिर राहू की दशा बैठ जाती है। |
| B | 84 का राज तुम बच्चों को बाप ही बैठ समझाते हैं, | अन्य धर्म वाले तो 84 जन्म लेते नहीं। |
| C | जो कुछ ड्रामा में नूँध हैं, वह हूबहू होना ही है, | ड्रामा में चेन्ज हो नहीं सकती । |
| D | इस 84 के चक्र से तुम कभी छूट नहीं सकते हो अर्थात् | यह दुनिया कभी खत्म नहीं हो सकती। |
| E | अभी तुम बच्चों पर बृहस्पति की अविनाशी दशा बैठी है, | श्रीमत पर नहीं चलते हैं तो राहू की अविनाशी दशा बैठ जाती है। |

*Q.5)* **यहाँ तो तुमको भट्टी में रहना होता है जिससे और कोई की याद न आये। समझो कोई 6 दिन भट्टी में रहा, पिछाड़ी में किसीकी याद आई, चिट्ठी लिखी तो उसे फेल कहेंगे । फिर 7 रोज शुरू करो। 7 रोज भट्टी में डालते हैं कि सब बीमारी निकल जाए। तुम आधाकल्प के महान् रोगी हो। बैठे-बैठे अकाले मृत्यु हो जाती है।**

A. ○ False
B. ◉ True

*Q.6)* **यह एक्सरसाइज आज की धारणा के पॉइंट्स पर आधारित है । सभी सही वाक्यों का चयन कर फुल मार्क्स लें-----**

A. ☑ अपने को और परिवार को सुखदाई बनाना है।
B. ☐ ध्यान रहे - कर्मेन्द्रियों से कोई शुद्ध कर्म न हो जाए। हमेशा विकर्म करने है ।
C. ☑ संग दोष बहुत खराब है, इससे अपनी बहुत-बहुत सम्भाल करनी है।
D. ☑ पढ़ाई के लिए कभी बहाना नहीं बनाना है।
E. ☑ पढ़ाई के लिए कभी बहाना नहीं बनाना है।
F. ☑ इस पुरानी दुनिया को देखते हुए बुद्धि का योग बाप वा नई दुनिया तरफ लगा रहे।

*Q.7)* **वाक्यों को उनके अर्थ अनुसार ही मिलाएं ------**

| | Choice | Match |
|---|---|---|
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| A | ज्ञान, भक्ति और वैराग्य, तीन चीजें हैं, | ज्ञान ऊंच ते ऊंच है। |
| B | अभी इस वेश्यालय से तुमको नफरत आती है, | परन्तु कई शादी बरबादी कर गटर में गिरना चाहते हैं। |
| C | क्लास के बीच कोई उबासी लेते या झुटका खाते हैं, | तो समझो इनकी बुद्धि कहाँ घरबार या धन्धे तरफ भटक रही है। |
| D | यह भी गायन है जैसा अन्न वैसा मन, | मांस खरीदने, बेचने और खिलाने वाले पर भी पाप लगता है। |
| E | पतित-पावन बाप से कोई बात छिपानी नहीं चाहिए। | बेहद के अविनाशी सर्जन से छिपाया तो बीमारी छूटेगी नहीं । |

*Q.8)* **वह देवतायें थे डबल सिरताज फिर आधाकल्प बाद लाइट का ताज उड़ जाता है। इस समय लाइट का ताज कोई पर भी नहीं है। सिर्फ जो धर्म स्थापक हैं, उन पर हो सकता है क्योंकि वह पवित्र आत्मायें शरीर में आकर प्रवेश करती हैं। अभी तक भी डबल सिरताज के आगे सिंगल ताज वाले राजा माथा टेकते हैं क्योंकि वह हैं पवित्र महाराजा-महा रानी। महाराजायें राजाओं से बड़े होते हैं।**

A. ○ False
B. ◉ True

*Q.9)* **"देह भान की मिट्टी के बोझ से परे रहो तो -------------------------------------बन जायेंगे।"**
**[निम्नलिखित विकल्पों में से एक सटीक उत्तर से रिक्त स्थान भरें ]**

A. ◉ डबल लाइट फ़रिश्ता
B. ○ देही-अभिमानी
C. ○ बेहद के वैरागी
D. ○ उपराम

*Q.10)* **वरदान पर आधारित यह मैचिंग एक्सरसाइज बहुत ध्यान से करें –**

| | Choice | Match |
|---|---|---|
| A | जहाँ प्रभू प्रीत है, | वहाँ अशरीरी बनना एक सेकण्ड के खेल के समान है। |
| B | प्रीत बुद्धि बन स्मृति का स्विच ऑन करो, | तो देह और देह की दुनिया की स्मृति का स्विच ऑफ हो जायेगा। |
| C | मुख से बाबा कहने में भी टाइम लगता है, | लेकिन स्मृति में लाने में टाइम नहीं लगता। |
| D | यह बाबा शब्द ही है, | पुरानी दुनिया को भूलने का आत्मिक बाम्ब । |